डिफेंस कारिडोर के विस्तार में जुटा यूपीडा

- कानपुर, लखनऊ व अलीगढ़ में बढ़ेगा 400 हेक्टेयर का लैंड बैंक
- भूमि क्रय करने के लिए तय की गई 31 अक्टूबर तक की मियाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआइएस) में रक्षा एवं एयरोस्पेस के क्षेत्र में मिले निवेश प्रस्ताव और इस क्षेत्र में निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर के दायरे में विस्तार की दिशा में प्रयास शुरू किए हैं। डिफेंस कारिडोर से जुड़े छह नोड्स में से तीन लखनऊ, कानपुर और अलीगढ़ में 400 हेक्टेयर औद्योगिक भूमि का दायरा बढ़ाया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के लिए 31 अक्टूबर तक की मियाद तय करते हुए संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है।

यूपीडा की बोर्ड बैठक में स्वीकृत इस प्रस्ताव के तहत कानपुर में 200 हेक्टेयर व लखनऊ और अलीगढ़ में 100-100 हेक्टेयर भूमि या तो किसानों से सीधे खरीदी जाएगी या अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। 400 हेक्टेयर की वृद्धि होने से डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर का लैंड बैंक दो हजार हेक्टेयर से अधिक पर पहुंच जाएगा।

बता दें कि डिफेंस कारिडोर के लिए अब तक 1620 हेक्टेयर भूमि का लैंड बैंक तैयार कर लिया गया है। हाल ही में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के स्तर से की गई समीक्षा बैठक में इस दिशा में हुई प्रगति की जानकारी साझा की गई। अलीगढ़ नोड में अतिरिक्त भूमि प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा 104 हेक्टेयर भूमि का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। वहीं, कानुपर में 260 हेक्टेयर का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। दोनों जिलों में जल्द ही भूमि प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में भूमि चिह्नित करने के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा है।